# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 22/07/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -167/2024
22 जुलाई 2024
बरहेट, साहेबगंज
============================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 132/33 के०वी० ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 के०वी० (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का उद्घाटन किया।
============================
मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।
============================

★ हर घर ऊर्जा, हर घर बिजली लक्ष्य

★ सिर्फ शहर ही नहीं बल्कि गांव के घरों को रोशन कर रही राज्य सरकार

★ बिजली समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

★ राज्यवासियों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली का मिल रहा लाभ

★ नियुक्ति का सिलसिला जारी रहेगा

**★ 21 से 50 वर्ष की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह मिलेगा सम्मान राशि**

**★ तमाम चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारा**

**★ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा "शिवगादी"**

**-- श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री**
**==========================**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज मुख्य रूप से यहां आने का उद्देश्य आप ग्रामीणों के घरों को रोशन करना है। शहर का घर हो या फिर गांव में बसा कोई झोपड़ी अब सभी घर रोशन रहे यही हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर ऊर्जा, हर घर बिजली की उपलब्धता उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संकल्प हम लोगों का था कि शहर ही नहीं बल्कि गांव में भी बिजली की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए। लम्बे समय से बरहेट आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण बिजली की समस्या का दंश झेल रहे थे आज उसका निदान उनकी सरकार कर रही है। आज हमसभी लोग यहां इन्ही समस्याओं का समाधान करने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज आप सभी की उपस्थिति में बरहेट बिजली सब-स्टेशन ग्रिड का विधिवत उद्घाटन हुआ है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखंड अंतर्गत सिंगा मैदान में आयोजित 132/33 के०वी० ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 के०वी० (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का शुभारम्भ एवं विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास तथा परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

**राज्यवासियों को 200 यूनिट बिजली नि:शुल्क दे रही राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ बिजली ग्रिड का उद्घाटन ही नहीं हुआ है बल्कि राज्य के हमारे गरीब, गुरबा, गांव-देहात के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए भी राज्य सरकार ने बड़ी सौगात देने का काम किया है। अब राज्य सरकार झारखंडवासियों को 200 यूनिट बिजली भी मुफ्त उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आती है कि किसी के घर में मीटर नहीं लगा है फिर भी बिजली का बिल आ रहा है और उन्हें 200 यूनिट का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सभी शिकायतों का समाधान हम लोग शीघ्र कर देंगे। आगामी 24 तारीख को आयोजित होने वाले कैबिनेट की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। ताकि राज्यवासियों की बिजली से संबंधित सभी समस्या का समाधान हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ उद्घाटन नहीं है बल्कि बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यह ग्रिड सब-स्टेशन सुचारू रूप से संचालित होनी

चाहिए। ग्रिड सब-स्टेशन में ब्रेकडाउन न के बराबर हो इसका पुख्ता इंतजाम रहे। इसमें किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न न हो और ब्रेकडाउन की स्थिति नही आनी चाहिए।

## नियुक्ति का सिलसिला जारी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से "आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। जल्द हमारी सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम उम्र की पात्र महिलाओं को सम्मान राशि देगी। लगभग 40 लाख महिलाएं इस योजना के दायरे में आएंगे और उन्हें योजना के लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हो गई है। सिपाही भर्ती के लाखों आवेदन प्राप्त हुए हैं उसकी भी बहाली शुरू हो जाएगी। कुछ दिनों पूर्व 1500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत तेजी से अड़चनों को दूर कर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। नियुक्ति देने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

## चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार गठन होने के साथ ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। लगभग दो वर्षों तक कोविड-19 का प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारी सरकार ने राज्य के भीतर जनकल्याण की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू किया गया, जिसका लाभ झारखंड के मूलवासी, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को बखूबी मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बना। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत आज के समय में सभी पात्र लाभुकों को पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है। अब कोई भी वृद्धजन, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना से छूटा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध करा रही है।

## प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा 'शिवगादी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल स्थित  'शिवगादी' को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालु यहां आते हैं और वे लम्बी दूरी तय कर महादेव में जल अर्पित करते हैं। राज्य सरकार ने तय किया है कि यहां सीढ़ियों के साथ-साथ रोप-वे की व्यवस्था हो, ताकि यहां और भी श्रद्धालु जुड़े और यह स्थल देश में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में जाना जा सके। आने वाले समय में यह धार्मिक स्थल उच्चस्तरीय सुविधाओं से आच्छादित होगा।

**मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं की दी सौगात**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 7064 लाख रूपए की लागत से 100 MVA क्षमता का 132/33 के० वी० ग्रीड सब-स्टेशन एवं 132 के० वी० द्विपथ लिलो संचरण लाईन का  उद्घाटन किया। वहीं 16581.866 लाख रुपए की कुल 5 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 7064 लाख रुपए का उद्घाटन और 9517.866  लाख रुपए की 4 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं मुख्यमंत्री ने राजमहल एवं बरहेट प्रखंड में कुल 1039 लाभुकों के बीच 3880.955 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी।

**बरहेट बिजली सब-स्टेशन ग्रेड योजना का विवरण**

* योजना का नाम : 132/33 के०वी० ग्रीड सब-स्टेशन, बरहेट एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन।
* ग्रीड की क्षमता 2 x 50 MVA = 100 MVA
* परियोजना राशि रु० 70.64 करोड़
* लाभान्वित क्षेत्र : सीतापहाड़, पतना, बरहरवा एवं बरहेट के क्षेत्र।
* लाईन की लम्बाई : 27.414 किलोमीटर

**इस अवसर पर राजमहल सांसद श्री विजय कुमार हांसदा, पूर्व मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका किस्कू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के प्रबंध निदेशक श्री के०के० वर्मा, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल श्री लालचंद डाडेल सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थितथे।**

**###**

**==========================**

**TeamPRD(CMO)**